15543

शिक्षा में स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2013

ई.एस.-345 : हिन्दी शिक्षण प्रविधि

समय : 3 घण्टे *अधिकतम भारिता : 70%*

निर्देश : *(i)* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं।*

(ii) ***सभी*** *प्रश्नों की भारिता* ***समान*** *है।*

1. नीचे लिखे प्रश्न का उत्तर लगभग **600** शब्दों में दीजिए :

भाषा की प्रकृति स्पष्ट कर उसकी विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

अथवा

शब्द की परिभाषा बताकर हिन्दी शब्दों के विवेचन के आधार बताइए।

2. नीचे लिखे प्रश्न का उत्तर लगभग **600** शब्दों में दीजिए :

कविता शिक्षण का महत्व बताकर छात्रों में काव्यात्मक अभिरूचि बढ़ाने के साधनों का वर्णन कीजिए।

अथवा

नैदानिक परीक्षा एवं उपचारात्मक शिक्षण के परस्पर सम्बन्ध को स्पष्ट कर उनकी उपयोगिता बताइए।

3. नीचे लिखे प्रश्नों में से **किन्हीं चार** के प्रति प्रश्न लगभग **150** शब्दों में उत्तर लिखिए :

(a) प्रथम भाषा एवं द्वितीय भाषा के रूप में हिन्दी शिक्षण के उद्देश्यों में अन्तर बताइए।

(b) हिन्दी पाठ्य-पुस्तक के गुणों का वर्णन कीजिए।

(c) उच्चारण की दृष्टि से हिन्दी वर्णों का वर्गीकरण कीजिए।

(d) लिखित रचना शिक्षण की प्रविधियों का परिचय दीजिए।

(e) व्याकरण शिक्षण की किन्हीं दो विधियों को उदाहरण देकर समझाइए।

(f) अच्छे प्रश्न पत्र के गुण बताइए।

(g) समुन्नयन कार्य किसे कहते हैं? उसका क्या महत्त्व है?

4. नीचे लिखे प्रश्न का उत्तर लगभग **600** शब्दों में दीजिए :
अपने शिक्षण अभ्यास की अवधि में आप ने किस-किस परिस्थिति में किन-किन दृश्य श्रव्य सामग्रियों का प्रयोग किया? उनके उपयोग का प्रतिफल बताइए।